# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुध99वार , 3 सितम्बर , 2025

वर्ष 01 | अंक 220 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# जगदम्बा ग्रुप द्वारा गणेशोत्सव के सप्तम दिवस पर संपन्न हुआ विशेष पूजन









इंदौर। हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी जगदम्बा ग्रुप द्वारा 78 स्कीम नंबर पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा विधिविधान से स्थापित की गई।

गणेशोत्सव के सप्तम दिवस (सातवें दिन) पर भव्य पूजन और आरती का आयोजन संपन्न हुआ। भगवान गणेश जी के मंगल आशीर्वाद से आज रणजीत टाइम्स संपादक श्री गोपाल गावंडे एवं सभी पत्रकार मित्रों को विशेष रूप से पूजन एवं आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर MIC Member, Public Works and Parks Department श्री राजेन्द्र राठौर जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम स्थल पर "गणपति बप्पा मोरया" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मुख्य आयोजक विधायक श्री रमेश मेंदोला एवं श्री नितिन सुरवे मित्र मंडल द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और उन्हें आगामी कार्यक्रमों में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया।

## विशेष आकर्षण

आगामी 5 सितम्बर को भव्य भंडारे का आयोजन भी जगदम्बा ग्रुप द्वारा किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी भक्तों को सादर आमंत्रित किया गया है।



महानार्यमन सिंधिया ने एमपीसीए के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया | साथ में केंद्रीय मंत्री एमपीसीए के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं एमपीसीए के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# मनुष्य का अज्ञान ही दुःखों का कारण है, निवारण है आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति

हमारा सामान्य गृहस्थ जीवन यापन करते समय हम देखते है कि सारा संसार त्रिगुणों से आवृत्त है। ये तीन गुण सत्व, रज और तम हैं। पंच महाभूतों से बने हुए हमारे शरीर में ये तीन गुण अपना खेल खेलते रहते हैं। जब हमें प्रसन्नता और आनंद होता है तब हम सभी के अंदर के अच्छे गुणों की ओर आकृष्ट होते हैं, हमें लगता है कि हम भी जीवन में कुछ अच्छा बनें, हमारे साथ-साथ अपने समाज का भी कल्याण करें। हमारे जीवन की जो भी समस्याएं हैं, उन सारी समस्याओं से छुटकारा पाने की पूरी शक्ति हमारे अंदर से आती है। अगर ऐसा-व्यक्तित्व आपके अंदर है तो समझ जाइये आप सतोगुण से आवृत्त हैं। इसके सिवा जो रजोगुणी व्यक्तित्व होते हैं वे अति महत्वाकांक्षी होते हैं, और दूसरों को नीचा दिखाना, किसी से बुरी तरह बात करना, ये सभी रजोगुणी व्यक्तित्व के लक्षण हैं। तमोगुणी व्यक्ति सदैव भूतकाल की बातों के बारे में सोचता- है, कोई भी व्यक्ति जो उदासीन है, उसे तमोगुणी कहा जायेगा।



प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग ऐसी ध्यान प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से आप जान जाते हैं कि आप कौन से गुणों से आवृत्त हैं। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो तमो गुणी साधक जो इड़ा नाड़ी प्रधान है वो अपनी इड़ा नाड़ी को नियमित ध्यान और पंच भौतिक उपचार जैसे कि अग्नितत्व का उपचार कर स्वयं को मध्य अर्थात सतोगुण की द्योतक सुषुम्णा नाड़ी पर स्थित कर सकता है, वैसे ही रजोगुणी व्यक्ति भी जान जाता है कि मेरी सूर्य नाड़ी को जल पैर प्रक्रिया और (आईस पैक) जैसे नैसर्गिक उपचार कर संतुलित कैसे किया जाय। हम सभी जीवन में बहुत दुःख का सामना कर रहे हैं , इसका कारण है अज्ञान, हमारे आत्मस्वरूप का अज्ञान । हम यह अज्ञान अपने बलबूते पर दूर नहीं कर सकते। अगर हमें हमारे आत्मस्वरूप का अज्ञान दूर करना है तो हमें ऐसे सदगुरु की शरण लेनी पड़ेगी, जिन्होंने ये आत्मसाक्षाकार की अनुभूति स्वयं सामान्य जनमानस को प्रदान की है, समर्थ रामदास स्वामी कहते हैं कि, "दानशूर" यह विशेषण केवल आत्मसाक्षात्कारी संतो की ही दिया जाना चाहिये। क्यूंकि केवल सच्चा सतगुरु ही आपके जीवन का अज्ञान - अंधकार मिटा सकता है | बड़ी विनम्रता से हम हमारे वाचकों से यह निवेदन करना चाहते हैं कि,आपके जीवन का अंधकार मिटाने वाले इस आत्मसाक्षात्कार से आप भी आशीर्वादित हो सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।


रणजीत टाइम्स विशेष समाचार

# गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन

## इंदौर से अमरावती, नागपुर तक गूंजा आस्था का स्वर

















इंदौर/अमरावती/नागपुर/महाराष्ट्र- भाद्रपद मास के पावन अवसर पर इस वर्ष भी गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शहरों में यह पर्व घर-घर आस्था और परंपरा का संदेश लेकर आया।

### इंदौर में भव्य आयोजन

इंदौर के विभिन्न समाजिक मंडलों और परिवारों ने माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया। पंडुरंग खांडागळे (नेहरू नगर, इंदौर) वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं और इस बार भी पूरे परिवार के साथ श्रद्धा और उल्लास से माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया मुरली फावड़े (राम नगर, इंदौर) ने हर साल की तरह अपने परिवार सहित माता का आगमन कर विधिवत पूजन किया।

दीपक वाडेकर ने भी प्रतिवर्ष की परंपरा निभाते हुए अपने परिवार के साथ पूजन सम्पन्न किया।

वानखड़े परिवार ने पुश्तों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए पिछले 30 वर्षों से हर साल की तरह इस बार भी खुशी और नई ऊर्जा से माता का स्वागत किया।

सोनार परिवार (विनायक टाउनशिप, इंदौर) ने भी पूरे हर्षोल्लास के साथ गौरी-गणेश और महालक्ष्मी का आगमन किया और घर-परिवार में उत्सव का माहौल बना।

अमरावती में धार्मिक उल्लास

अमरावती में मराठी समाज मंडलों और परिवारों ने सजावट, पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता का स्वागत किया। पारंपरिक व्यंजन और सामूहिक आरती ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

नागपुर में श्रद्धा का माहौल

नागपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में परिवारों ने फूलों से सजावट कर माता गौरी और महालक्ष्मी की प्रतिमाओं का पूजन किया। मंदिरों और मंडपों में भजन-कीर्तन और आरती के साथ उल्लास का माहौल रहा।

### धार्मिक महत्ता

गणेशजी: विघ्नहर्ता और मंगलकारी के रूप में पूजे जाते हैं।

गौरी/महालक्ष्मी माता: गृहस्थ जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और वैभव का प्रतीक मानी जाती हैं।

पर्व का मुख्य संदेश – परिवारिक एकता और समृद्धि की कामना।

तस्वीरों में उत्सव की झलक

इंदौर: खांडागळे, फावड़े, वाडेकर, वानखड़े और सोनार परिवारों द्वारा पूजन।

अमरावती: सामूहिक पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम।

नागपुर: घर-घर भक्ति और आरती का आयोजन।

यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह इंदौर से अमरावती और नागपुर तक सांस्कृतिक एकता और परंपरा को जीवंत बनाए रखने वाला उत्सव बन चुका है।

# शिवपुरी में 17 वर्षीय किशोर ने बनाई मिट्टी की गणेश जी की प्रतिमा



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। शहर के 17 वर्षीय किशोर कृष्ण गोयल ने गणेशजी की मूर्ति बनाकर अपने घर पर स्थापित की और पर्यावरण सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया। मूर्ति और सजावट में सभी सामग्री इको-फ्रेंडली ही उपयोग में ली गई हैं। कृष्ण गोयल ने बताया कि वह पिछले 3 वर्षों से मिट्टी के गणेश भगवान की मूर्ति बनाकर स्थापित कर रहे हैं। जल मंदिर के पास रहने वाले कृष्ण गोयल ने मिट्टी, दाल और चावल का उपयोग करके भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाई।

यह मूर्तियां मिट्टी से तैयार की जाती हैं, साथ ही इनमें दाल, चावल और गेहूं भी मिलाया जाता है, जिससे नदी में विसर्जन के बाद मिट्टी बह जाए और दाल, चावल, गेहूं मछलियों के भोजन के काम आएं। कृष्ण गोयल एक अनूठी पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश फैला रहे हैं। वे मिट्टी की मूर्तियां बनाकर लोगों को यह बताना चाहते हैं कि कैसे इन प्राकृतिक मूर्तियों से जलवायु और जल संसाधनों की रक्षा की जा सकती है। कृष्ण गोयल का कहना है कि मिट्टी की मूर्तियां इको-फ्रेंडली होती हैं, उनका विसर्जन करने से जल में रहने वाले जीवों को कोई नुकसान नहीं होता, और इससे बने अवशेषों का उपयोग पौधे लगाने में किया जा सकता है।

# तीन दिवसीय महाराष्ट्रीयन पर्व का समापन हुआ माता ज्येष्ठा गौरी व माता कनिष्ठा गौरी को लगाए 56 भोग दीप जलाकर प्रसाद वितरण







इंदौर नगरीय क्षेत्र में देश के प्रत्येक क्षेत्र से लोग निवास करते हैं। और अपनी अपनी परंपराओं को निभाते हुए पर्व मानते हैं ।

इंदौर स्थित 24 सहकार नगर एक्स. केट चौराहा यादव गौशाला वाली गली, इन्दौर निवासी पांडुरंग होळकर व परिवार ने बताया की परीवार की पुर्व परंपरानुसार महाराष्ट्रीयन परिवार में भाद्रपद के महीने में भगवान श्री गणेश जी की स्थापना के ठीक चार दिन बाद यानी शुक्ल पक्ष की सप्तमी पर महालक्ष्मी (महागौरी) घर-घर विराजमान होती हैं। महालक्ष्मी का श्रृंगार नई नवरी, पैठनी साड़ी पहनाकर आभूषणो से श्रृंगार कर स्थापना की जाती है। गणेश उत्सव के तहत महाराष्ट्रीयन परिवारों में तीन दिन महालक्ष्मी पर्व की शुरुआत हुई । इसमें रविवार को ज्येष्ठा माता व कनिष्ठा माता की अगवानी की गई। इसके बाद दूसरे दिन सोमवार को महाराष्ट्रीयन परिवार के 24 सहकार नगर एक्स. केट चौराहा यादव गौशाला वाली गली इन्दौर निवासी पांडुरंग होलकर अलका होलकर युवराज होलकर हिमांगी होलकर के निवास पर माता को छप्पन भोग और पुरन पोली का भोग लगाकर दीप जलाए गए। महा आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें पारिवारिक सदस्य एवं आसपास क्षेत्र के लोग सह परिवार उपस्थित होकर पूजा अर्चना की एवं मन्नते भी मांगी। काफी श्रद्धालु उपस्थित हुए । 2 सितंबर मंगलवार को पर्व का समापन मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ।

# वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वाहन आज भमोरी नदी में तैरेगी पाषाण प्रतिमा

संजय प्रेम जोशी

प्रतिवर्षानुसार हाटपीपल्या स्थित भगवान नृसिंह की प्रतिमा आज नृसिंह घाट स्थित भमोरी (सेंधला) नदी में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में तैराया जाएगा। करीब साढ़े सात किलो वजनी इस प्रतिमा को नदी में तीन बार छोड़ा जाता है। प्रतिमा के हर बार डूबने अथवा न डूबने पर भविष्य का निर्धारण होता है। हाटपीपल्या स्थित नृसिंह मंदिर में विराजित इस प्रतिमा को चमत्कारिक माना जाता है। एक शताब्दी से अधिक समय से मंदिर में प्रतिष्ठित इस प्रतिमा को प्रतिवर्ष डोलग्यारस के दिन समारोहपूर्वक नृसिंह घाट ले जाकर नदी के जल में 3 बार छोड़ा जाता है। यह पूरा आयोजन मंदिर के संचालन के लिए गठित नृसिंह सेवा समिति के तत्वावधान में किया जाता है। इस दृश्य को देखने के लिए घाट पर हजारों श्रद्धालु पहुँचते हैं। प्रतिमा को नदी के चल में छोड़ने पर यह मान्यता है कि आगामी वर्ष सुखद रहेगा, दो बार तैरे तो वर्ष के 8 माह सुखद रहेंगे, एक बारी ही तैरे तो वर्ष साधारण रहेगा और तीनों बार डूब जाए तो वर्ष अनिश्चितताओं से गुजरेगा। नृसिंह प्रतिमा को लेकर चमत्कारों से जुड़ी कई घटनाएँ क्षेत्र में प्रचलित हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि अरुण राठौर एवं उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया ने बताया 45 वर्ष पूर्व 1980 में और 1985 में डोल ग्यारस (14 सितंबर) के एक दिन पूर्व तक वर्षा नहीं होने से नृसिंह घाट सूखा पड़ा था। श्रद्धालुओं को यह चिंता थी। कि प्रतिमा को कैसे तैराया जाए। नदी में टैंकरों से जल डालने पर भी विचार किया गया, किंतु एक दिन पूर्व ही अचानक इंद्र देवता प्रसन्नहुए आए ओर इतना पानी बरसाया कि नदी में बाढ़ आ गई। वर्षा प्रतिमा तैराने के 10 मिनट पूर्व थम गई। क्षेत्र सेजुड़े वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि ऐसा ही चमत्कार सन 1991 में भी हुआ था। बताया गया है कि वर्ष 1936 में चौथी पार नदी के जल में डालने पर 'प्रतिमा' लुप्त हो गई थी। खोजने पर बताया कि उस पुजारी परिवार के वरिष्ठ सदस्य के स्वप्न में प्रतिमा ने सुमराखेड़ा स्थित सेंधला नदी में होने का संकेत दिया और प्रतिमा वहीं मिली, जिसे गाजे-बाजे से पुनः प्रतिष्ठित किया गया। वर्ष 1972 में प्रतिमा अचानक खंडित हो गई, स्थानी सोनी परिवार के सदस्यों ने चाँदी के तारों से लपेट कर जोड़ा था। उसी वर्ष डोल ग्यारस के दिन जब प्रतिमा को तैराया गया तो वह पूरी तरह अक्षत मिली। चाँदी के तार गायब मिले।विधायक मनोज चौधरी अरुण राठौर निर्भय सिंह तलेया आदि ने बताया यह पर्व कई चमत्कारों से परिपूर्णहै ।



आज शाम को 5 बजे बाद फूल डोलों के जुलूस के साथ प्रतिमा को नृसिंह घाट ले जाया जाएगा। वहाँ पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमा को माल्यार्पण करने की बोली लगाई जाएगी। पश्चात प्रतिमा को नदी के जल में डाला जाता है तथा आरती के बाद प्रसाद का वितरण होता है। यहाँ इस सबसे बड़े समारोह के परिप्रेक्ष्य में घाट एवं सड़क की माकूल व्यवस्था नहीं हो पाई है। महत्वपूर्ण सनातन कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी हाटपिपलिया विधायक मनोज चौधरी बागली विधायक मुरली भंवरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। स्थानीय लोगों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया की प्रशासन तथा जनसंपर्कविभाग को चाहिए कि इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन का लाइव प्रसारण भी करें। तथा दूरस्थ अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं को यह दृश्य देखने की और बैठने की व्यवस्था भी माकूल हो।

# श्री मोहनखेड़ा गुरुधाम तीर्थ दहाणु में श्री पर्युषण महापर्व की आराधना धूमधाम से संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । मोहनखेड़ा महातीर्थ विकास प्रेरणादाता परोपकार सम्राट महामंगलिक शिरोमणि राष्ट्रसंत गुरूदेव आचार्यप्रवर श्रीमद्विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा साहेब के आज्ञानुवर्ति अंतेवासी शिष्य 7th वर्षीतप तपस्वी कार्यदक्ष मुनिराज श्री पीयूषचन्द्र विजयजी म.सा. एवं प्रवचनदक्ष



मुनिराज श्री रजतचन्द्र विजयजी म.सा.की पावन निश्रा में इस तीर्थ भूमि पर प्रथम चातुर्मास के अंतर्गत पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना उत्साह उल्लास मय वातावरण मे ठाटबाट से सम्पन्न हुई।

प्रथम 3 दिन अष्टाह्निका ग्रंथ का श्रवण कराया गया। ग्रंथ को वोहराने का लाभ श्री रमेशजी ओटमलजी बागरा को मिला। चार दिवसीय कल्पसूत्र बालावबोध ग्रंथ श्रवण कराया गया जिसे वोहराने के लाभ रिकार्ड चढ़ावे के द्वारा भीनमाल मुंबई के श्रीमंजूबेन कान्तिलालजी पालगोता ने प्राप्त किया। पर्युषण के पांचवें दिन एकम के शुभ दिन महावीर जन्मोत्सव (जन्म वांचन ) कार्यक्रम धूमधाम से किया गया। सुबह नवकारसी चंपालालजी वाघमलजी बोहरा की ओर से दोपहर का स्वामीवात्सल्य भीनमाल निवासी संजयजी मनोहरमलजी वाणीगोता परिवार की ओर से एवं शाम का स्वामीवात्सल्य हितेश भाई मेहता खिमेल मुंबई की ओर से रखा गया था। 14 सपनों की बोलियां बढ़चढ़कर बोली गई। पालनाजी को झुलाने व लेकर जाने का लाभ सांडेराव निवासी श्रीरितेशजी अशोकजी साकरिया परिवार मुलुंड मुंबई को प्राप्त हुआ । इसी तरह और भी बहुत सारी अन्य बोलियां जो परंपरा अनुसार होती है वो सभी बोलिया यहां पर बोली गई। आगामी कार्यक्रम 12 अक्टूबर को होने वाले अति विशिष्ट श्री गौतम लब्धि महापूजन अनुष्ठान के बैनर का विमोचन श्रीमती जयाबेन जितेंद्रजी मलाड मुंबई ने किया। संवत्सरी प्रतिक्रमण में अनेकों ज्ञान के चढ़ावे हुए जिसमें सकल संघ से मिच्छामी दुक्कडम् देने का लाभ सियाणा निवासी मातु श्री कमलाबाई रिखबचंदजी सोलंकी परिवार गोरेगांव मुंबई को मिला। पंचमी को सकल संघ के साथ सभी नव उपवास अठाई तेला के तपस्वी को पारणा कराने का लाभ भीनमाल निवासी श्रीचंपालालजी वाघमलजी वोहरा हस्ते शीलाबेन पुत्र मासुक की अठाई तप निमित्ते मुंबई को प्राप्त हुआ। द्वार उद्घाटन का लाभ भीनमाल निवासी श्रीमंजूबेन हीराचंदजी दोशी हंस्ते विक्की भाई दोषी मुंबई को प्राप्त हुआ। आठो दिन सुबह शाम दोनों समय प्रतिक्रमण हुए। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने एकासना बियासना तप किया। 30 से अधिक आराधकों ने अट्ठाई व अट्ठमतप किया। इस अवसर पर बोर्डी गांव के जैन छात्रावास के बच्चों ने देव गुरु अंग रचना की एवं बैंड-बाजे पर सुंदर प्रस्तुति दी। पूरी राड पट्टी में यह चातुर्मास यशस्वी शासन प्रभावक एवं भव्यतम रहा। इसमें मध्य प्रदेश राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यहां पर करीब 45 AC रूम यात्रियों की सुविधा के लिए है. उसी अनुसार सारे आयोजन भव्यतम किए गए। विशाल वाटर पूर्फ पांडाल में प्रवचन सभा एवं तपस्वी की व्यवस्था की गई। इस तरह भीतर बसो भगवान चातुर्मास 2025 धुम धाम से चल रहा है।

**आगामी कार्यक्रम**

18 सितंबर को श्री पीयूषचन्द्र विजयजी के 71 दिवसीय मौन साधना समापन समारोह एवं 12 अक्टूबर को श्री गौतम लब्धि महापूजन भव्यतम अनुष्ठान होगा। दीपक एकासना सोनाग्रुप धुम्बडीया मुंबई की ओर से एवं गौतम स्वामी का खीर एकासना जोमतराजजी भंसाली परिवार बागोडा मुंबई की ओर से होगा।

## जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न, धर्मेन्द्र गोठड़ीवाल अध्यक्ष मनोनीत



**"किसी भी संस्था में निर्वाचित व्यक्ति की अपेक्षा चयनित व्यक्ति ज्यादा बेहतर कार्य करके दिखा सकता है।" — राजकुमार हरण**

**रणजीत टाइम्स**

जावरा । जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन की बैठक बहादुरपुर चौराहा स्थित जावरा होटल चोखा चूल्हा पर सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन संस्था के पूर्वाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री राजकुमार हरण, पूर्वाध्यक्ष श्री विजय कदम, श्री दिनेश जायसवाल एवं श्री विजय राठौड़ के आतिथ्य में हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मेन्द्र गोठड़ीवाल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही 7 सदस्यीय संचालक मंडल का गठन किया गया, जिसमें , संजय बरानिया,निलेश जैन, विशाल काठेड़, सुनील ओरा, अब्दुल बारी खान एवं रवि चौहान को शामिल किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष राजकुमार हरण ने कहा कि "किसी भी संस्था में निर्वाचित की तुलना में चयनित व्यक्ति अधिक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करके दिखाता है।" उन्होंने सभी फोटोग्राफरों को मिलकर काम करने की सीख दी, जिससे संस्था के साथ स्वयं का भी विकास हो। इसी प्रकार पूर्व अध्यक्ष विजय कदम ने पुराने मतभेदों को भूलकर संस्था में एकजुट रहकर कार्य करने का संदेश दिया।

संस्था के सदस्यों ने समस्त अतिथियों का पुष्पहार से सम्मान किया। संगठन के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आगामी दो वर्षों में नई कार्यकारिणी जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन का नाम नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। बैठक में अनिल कायस्थ, राहुल नागर, कार्तिक दायम, मुकेश मेवाड़ा, गोविंद सोनगरा, राकेश माली, कुशालसिंह दरबार, अनवर खान, असगर खान, मनीष बरानिया, हुसाम विलायती, शंकर गहलोत, मनोहर मेहता, इमरान खान, अर्जुन दयम, नीलेश दुबे, लखन धनोतिया, दिलीप धनोतिया, कान्हा ट्रेलर, बबलू भाई, जितेन्द्र बैरागी, राकेश राठौड़, सदाकत भाई, महेश शर्मा, नरेंद्र राव, महेश बोरासी, कमलेश, आकाश परमार, कदम, इमरान भाई, अमजद खान अशुल जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। आभार दिनेश जायसवाल बड़ावदा ने माना

## प्रथम स्थान पर एलएलबी डिग्री प्राप्त होने पर गुनगुन कोचर का इंदौर में हुआ सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । महिदपुर रोड कुमारी गुनगुन कोचर सुपुत्री जितेंद्र अलका कोचर ने गत दिवस इंदौर के इंस्टीट्यूट आफ लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री प्रथम स्थान में प्राप्त की किस उत्कृष्ट उपलब्धि पर मुख्य अतिथि श्री अर्जुन मेघवाल, श्री कैलाश विजयवर्गी ,श्री गौरव भाटिया, द्वारा इंदौर के लॉ कॉलेज में मोमेंटो शील्ड प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



एवं नगर में ग्राम पंचायत सरपंच रितु सत्यनारायण पाटीदार द्वारा भी सम्मानित कर बहुमान किया गया इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विधायक दिनेश जैन बौस, नगर के सभी गणमान्य नागरिक, समाज जनों इष्ट मित्रों परिवार जनों द्वारा मंगलमय बधाइयां देकर कुमारी गुनगुन कोचर के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# किसी की प्रतिकृति बनकर अभिनय मुश्किल कार्य है - डॉ.गायत्री पलोड

## सहयोग समाज सेवा संस्था के गणेशोत्सव में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न

रणजीत टाइम्स

इंदौर। अपने अंतर्मन के नायक को आकर्षक मुखमुद्रा के साथ अभिनीत करना ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है। किसी की प्रतिकृति बनकर अभिनय करना मुश्किल कार्य है। नन्हे नन्हे बच्चे जब उत्साह के साथ इसको सार्थक करते हैं तो ये सुकून प्रदान करता है। उक्त विचार सहयोग समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो.(डॉ) गायत्री पलोड ने व्यक्त किये। वे सहयोग पथ सुदामा नगर के गणेशोत्सव में बोल रही थी। उन्होंने फैंसी ड्रेस की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। सहयोग समाज सेवा संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष अवधेश यादव ने बताया कि संस्था द्वारा इस वर्ष 25 वां गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। गणेशोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न की जा रही है। जिसके तहत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चों ने आकर्षक साज सज्जा के साथ विभिन्न अवतारों के रूप में कलाकारों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रोफेसर (डॉ) गायत्री पलोड ने अलग अलग पैमाने पर बारीकी से निर्णय दिया। इस अवसर पर सन्ध्या पोरवाल, महेश जायसवाल, आशा जायसवाल, रिंकी गुप्ता, अमोल यादव, गुंजा गुप्ता इत्यादि की भी उपस्थिति सराहनीय रही।



# मदुरै प्रवासी राजस्थानी समा तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी ई. पलनीस्वामी का प्रवासियों ने किया सम्मान

रणजीत टाइम्स

मदुरै / तमिलनाडु। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम AIADMK के महासचिव व तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी का दो दिवसीय पार्टी की रैली में भाग लेने मदुरै आगमन पर यहा स्थित होटल जी.आर.टी. में आयोजित मीटिंग में अन्नाद्रमुक पार्टी जिला प्रतिनिधि विजयसिंह ऊण के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानी समाज के लोगों ने माला, शॉल, साफा पहनाकर किया सम्मान। इस दौरान आयोजित मीटिंग में मदुरै पूर्व मेयर राजन सेलप्पा, पूर्व सरकार के मंत्री सेलुर के राजु, आर.बी. उदयकुमार, सहित पार्टी के कार्यकर्ता सहित मदुरै प्रवासी राजस्थानी समाज से मीठालालजी संखलेचा, आईजा प्रदेशाध्यक्ष दिनेशकुमारजी सालेचा, विजयसिंहजी ऊण, अमरसिंहजी, चम्पालालजी, पारसमलजी, जोरसिंहजी, दिनेशसिंहजी, जितेंद्रसिंहजी ऊण सहित विभिन्न संगठन संस्थाओं के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# एम वाय अस्पताल मे चूहे काटने वाले मामले मे एम जी एम डीन घनघोरिया की त्वरित कारवाही

रणजीत टाइम्स

इंदौर। एमवाय अस्पताल मे चूहे काटने वाले मामले मे मेडिकल कालेज डीन घनघोरिया ने तुरंत कारवाई करी है उन्होने नर्सिंग आफिसर श्रीमति आकांशा बेन्जामिन, स्वेता चौहान को सस्पेंड किया है ऐवम सहायक प्रभारी नर्सिंग आफिसर कलावती बलावी को शोकाज नोटिस दिया गया है इसके साथ ही श्रीमती प्रवीणा सिंह प्रभारी नर्सिंग आफिसर पीआईसीयु ऐवम डा मनोज जोशी प्रभारी व प्राध्यापक पीडियाट्रिक्स सर्जरी विभाग को भी शोकाज नोटिस दिया है। इसके साथ ही एम वाय अस्पताल की नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मारग्रेट जोजफ को हटाया गया है ऐवम उनके स्थान पर नर्सिंग आफिसर सिस्टर दयावती दयाल को नर्सिंग सुपरिटेंडेंट बनाया गया है तथा पीडियाट्रिक्स सर्जरी के आई सी यु ईन्चाज व असिस्टेंट इन्चाज को शोकाज नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही डीन घंघोरिया ने ऐजाईल कम्पनी पर एक लाख का जुर्माना तौरित रुप से किया गया है ऐवम चेतावनी दी है कि उनका एम ओ यु क्यो न निरस्त किया जाये ऐवम एमवाय अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डा अशोक यादव को तुरंत पेस्ट कन्टोल करने के दिशा निर्देश दिये गये है। मेडिकल कालेज के डीन डा घंघोरिया ने ऐजाईल कम्पनी तथा एम वाय अस्पताल के सुपरिटेन्डेट डा अशोक यादव के द्वारा कोताई व लापरवाही बरतने पर उनसे पेस्ट कन्टोल की जानकारी भी माँगी गई है। डीन घनघोरिया ने कहा कि एक उच्च स्तरीय जाँच कमेटी बनाई गई है जिसमे डा एस बी बन्सल, डा शशी शंकर शर्मा, डा अरविंद शुक्ला, डा निर्भय मेहता ऐवम डा बसंत निगवाल के साथ नर्सिंग आफिसर सिस्टर दया वती दयाल रहेगे जो आपनी रिपोर्ट देगे और जो भी दोषी होगे उन पर कडी से कडी कार्यवाही की जायेगी।

## किसानों के हित में उठी बड़ी मांग

# मोतीसिंह पटेल ने दुग्ध क्रय दर 850 रुपये प्रति किलो फैट करने पत्र लिखा

रणजीत टाइम्स

देपालपुर। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित से जुड़े हजारों दुग्ध उत्पादक किसानों के हक्र और भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। महंगाई और लगातार बढ़ती उत्पादन लागत के बीच किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले, इसके लिए इंदौर सरकारी दूध संघ मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने मोर्चा खोल दिया है। पटेल ने भोपाल स्थित एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एवं इंदौर दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्ट कहा है कि यदि संघ ने दुग्ध क्रय दर में तत्काल बढ़ोतरी नहीं की, तो किसान वर्ग प्राइवेट डेयरियों की ओर रुख कर सकता है। पत्र में पटेल ने उल्लेख किया है कि भोपाल दुग्ध संघ ने 1 सितंबर 2025 से दुग्ध क्रय दर को बढ़ाकर 840 रुपये प्रति किलो फैट कर दिया है। वहीं, इंदौर संभाग में सक्रिय प्राइवेट डेयरियां और व्यापारी पहले ही किसानों को 8.70 से 8.80 रुपये प्रति किलो फैट तक का मूल्य दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि इंदौर दुग्ध संघ दरों को प्रतिस्पर्धी नहीं बनाता, तो किसानों का भरोसा टूटना तय है। मोतीसिंह पटेल ने कहा कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में हमेशा यह प्रयास रहा कि संघ से जुड़े किसानों को अधिकतम लाभकारी दर मिले। आज हालात यह हैं कि महंगाई और उत्पादन लागत दोनों तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में इंदौर दुग्ध संघ के लिए आवश्यक है कि वह भी दुग्ध क्रय दर को 850 रुपये प्रति किलो फैट तक बढ़ाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके और संघ की साख बनी रहे। गौरतलब है कि संघ के साथ लंबे समय से जुड़े किसान भी इस मांग को लेकर उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि अगर संघ समय रहते ठोस कदम नहीं उठाता तो निजी डेयरियों का दबदबा और बढ़ेगा, और संघ को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिक गई हैं कि क्या इंदौर दुग्ध संघ किसानों की इस जायज मांग को पूरा करेगा या फिर किसानों का रुख निजी डेयरियों की ओर मुड़ जाएगा।



# देपालपुर तहसीलः लापरवाही, सुस्ती और मनमानी का गढ़

रणजीत टाइम्स

देपालपुर। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने देपालपुर तहसील की बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के लिए सख्त कदम उठाते हुए पूर्व तहसीलदार लोकेश आहूजा को हटाकर धर्मेंद्र चौकसे को जिम्मेदारी सौंपी थी। उम्मीद थी कि नए तहसीलदार के आते ही कामकाज में अनुशासन और पारदर्शिता आएगी। मगर हकीकत इसके बिल्कुल उलट है—देपालपुर तहसील आज भी भगवान भरोसे ही चल रही है। किसानों और आम नागरिकों का आरोप है कि तहसील कार्यालय का स्टाफ पूरी तरह निकम्मा और नाकारा साबित हो रहा है। कामकाज में रुचि शून्य, जिम्मेदारी का नामोनिशान तक नहीं। अधिकारियों की मेहमानी और खानपान के बाद भी कोई फाइल समय पर निपटती नहीं। सबसे बड़ा आरोप तहसीलदार के रीडर पर है। जनता कहती है कि जिस भी काम का आवेदन उसके पास डाल दिया जाए, उसे निपटने में महीनों लग जाते हैं। आलम यह है कि लोग महीनों तक चक्कर काटते रहते हैं और फाइलें धूल फांकती रहती हैं। यह स्थिति किसी एक-दो दिन की नहीं बल्कि लगातार बनी हुई है। इतना ही नहीं, तहसीलदार के मातहत पटवारी भी सुनने और काम करने से कतराते हैं। किसानों की जमीन संबंधी समस्याएं महीनों तक लटकाई जाती हैं, जिससे आम जनता त्रस्त हो चुकी है। जानकारों का कहना है कि पूर्व तहसीलदार लोकेश आहूजा भी इसी निकम्मे स्टाफ की कार्यशैली से बेहद परेशान थे। उन्होंने कई बार स्टाफ को सुधारने की कोशिश की, मगर बेअसर रही। अब धर्मेंद्र चौकसे के कार्यभार संभालने के बावजूद नजारा जस का तस है। लोगों का कहना है कि देपालपुर तहसील में कामकाज का सिस्टम पूरी तरह चौपट हो चुका है। न अनुशासन है, न समयबद्धता, न ही जवाबदेही। यहां हर फाइल को जानबूझकर टालमटोल किया जाता है और कामकाज मानो "एवज़ीओ के भरोसे" ही चल रहा है। देपालपुर की जनता सवाल पूछ रही है—क्या प्रशासन के लिए तहसील की यह लापरवाही और अराजकता दिखाई नहीं देती? क्या जनता का काम करवाने के लिए अब भी भ्रष्टाचार और सिफारिश ही टिकट बने रहेंगे?



## झाबुआ की समीक्षा त्रिवेदी का डांस कुछ ही देर में दुनिया के हजारों ने देखा, अदूत सराहा

रणजीत टाइम्स



झाबुआ I ख्यात साहित्य साधक डॉ रामशंकर चंचल की पोती समीक्षा मनीष त्रिवेदी के झाबुआ राजगढ़ नाके पर हुए डांस के वीडियो को फेस बुक गुगल पर कुछ ही देर में हजारों द्वारा सुन,देख अद्भुत सराहा गया डॉ चंचल ने पोती की अद्भुत प्रतिभा को नमन करते हुएं गर्व महसूस किया कि कोई एक ही सही जो उन्हें जिंदा रखें हैं सचमुच बेहद खूबसूरत डांस को अद्भुत सराहना से पोती को भी ऊर्जा मिली है प्रणाम करता हूं मेरे लाखों चाहने वालों को जिनका आशीष ही जीवन ऊर्जा है।

# ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ भाजपा हॉकर्स यूनिट ने खोला मोर्चा, अमेरिकी उत्पादों की होली जलाने का फैसला

रणजीत टाइम्स

मुंबई I अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। मुंबई भाजपा हॉकर्स यूनिट ने 15 सितम्बर को दादर में अमेरिकी ब्रांडेड समानों की होली जलाने का फैसला किया है। यह जानकारी देते हुए मुंबई भाजपा हॉकर्स यूनिट के अध्यक्ष और मुंबई के पूर्व उप महापौर बाबूभाई भवानजी ने बताया कि आगामी 15 सितम्बर को शाम 5 बजे दादर (ईस्ट )रेल्वे CRस्टेशन के पास अमेरिकी ब्रांडेड समानों की होली जलाई जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और देशप्रेमी नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी दबाव के आगे झुकेगा नहीं और उसकी मनमानी का कड़ा विरोध किया जाएगा। उधर अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ व्यापारियों ने भी अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने इस पहल की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दिया है कि भारत किसी दबाव में नहीं आएगा। व्यापारियों ने कोकाकोला मैकडॉनल्ड्स और एप्पल जैसे उत्पादों का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर टैरिफ वार को शुरू किया है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने भी न झुकने का संकेत दे दिया और कहा कि भारत इस तरह के दबाव में नहीं आएगा। इसका फर्क अब बाजार में नजर आने लगा है।अमेरिकी टैरिफ से नाराज और प्रधानमंत्री के रुख को देखकर व्यापारियों ने अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया। इसकी पहल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने की। व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने इसकी शुरुआत बरेली से की, जिसका असर पूरे प्रदेश में शुरू हो गया।उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोकाकोला, फैंटा व थम्स अप, पेप्सी, मैकडोनल्ड्स, डोमिनोज पिज्जा, बर्गरकिंग, सब-वे, केएफसी, पिज्जा हट, कैडबरी, ओरियो, कोलगेट, पी एंड जी, जॉनसन एंड जॉनसन, एप्पल, अमेजन, फोर्ड, नाइकी, स्टारबक्स, जिलेट, जनरल मोटर्स एम-वे, मेबेलिन न्यूयार्क कॉस्मेटिक के नाम फेसबुक पर शेयर करके उनका बहिष्कार करने का अनुरोध किया।

### बाबुभाई भवानजी ने कहा



कि देश के लिए कोई काम करने का मौका मिले और हम पीछे हट जाएं, ऐसा हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सरकार अमेरिका के सभी प्रोडक्ट्स को बैन करें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ कर राहुल गाँधी का जलाया पुतला

रणजीत टाइम्स

भीनमाल। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय उप खण्ड अधिकारी कार्यालय के बहार सद्बुद्धि यज्ञ कर राहुल गाँधी के पुतले का दहन किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता हिंगलाज एम चारण ने बताया कि प्रधानमंत्री की दिवगंत माता को भरे मंच से अभद्र गालीयां देने की विपक्ष की ओछी मानसिकता के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के बाहर सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। इस अवसर पर विपक्ष के मुखिया राहुल गांधी का पुतला भी जलाया गया। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि कांग्रेस एवं इसके साथी गठबंधन दलों के नेताओं एवं इनके कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री जो सबके होते है किसी पार्टी के नहीं होते उन्हें तो हमेशा विपक्ष हाईकमान सोनिया गांधी हो, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव या तेजस्वी यादव हो सभी हमेशा अभद्र भाषा का प्रयोग करते आए है । अभी तो हद ये हो गई कि प्रधानमंत्री की दिवगंत माता जो शतायु हो गए है, उन्हें भरे मंच से गालियां देकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है, जो माफी के योग्य नहीं है। मगर हम सभ्य दल के सदस्य है, इसलिए हम मर्यादा में रहने वाले है। हम धर्म पर चलने वाले है इसलिए धार्मिक रीति से सद्बुद्धि यज्ञ कर रहे है। हमें हमारे सुसंस्कारों से चलना है, कार्यकर्ताओं को सदैव जनता के हित में खड़े रहने एवं विपक्ष की हरकतों से अवगत करवाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दिव्य स्वरूप स्वामी, सांवलाराम देवासी, केराराम चौधरी, गिरधारी देवासी, जिला प्रवक्ता हिंगलाज एम नांदिया, भरतसिंह भोजानी, महेंद्र सोलंकी, मनोज गुप्ता, हरदान बिश्नोई, प्रवीण दवे, सांवलाराम देवासी, परबतसिंह, मंगलाराम पुरोहित, शेखर व्यास, बद्रीप्रसाद गौड़, विकास सोलंकी, हीराराम चौधरी, जोरावर सिंह, महादेव घांची, पारस मोदी, मुकेश माहेश्वरी, भगाराम घांची, वालाराम मोदी, अशोक राजपुरोहित, चेनराज चौधरी, विक्रमसिंह ईरानी सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



## तेजा दशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया मन्नतधारियों ने उठाए निषान, भक्ति गीतों पर जमकर थिरके श्रद्धालु - पारंपारिक वेषभूषा में समाजजनों ने की सहभागिता, ढोल की ताल पर किया नृत्य

रणजीत टाइम्स

राजगढ़। क्षेत्रभर में मंगलवार को तेजा दषमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा सुबह दस भानगढ़ रोड़ स्थित तेजाजी मंदिर से निषान यात्रा निकाली गई। यात्रा के आगे-आगे बैंड पर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जा रही हैं। इससे नगर का वातावरण धर्ममय हो गया था। दो घोड़े पर युवागण धर्मपताका लहराते हुए नजर आए। वही निमाड के प्रसिद्ध ढोल की ताल पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। जबकि भजन गायक कृष्णा एवं गायिका दीपिका सोनी के मधूर भजनों की प्रस्तुति पर युवति एवं महिलाओं ने आकर्षक नृत्य किया। यात्रा में लाभार्थी परिवार के सदस्य धर्मध्वजा लेकर चल रहे थे। अनेकों स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में युवागण पारंपारिक वेषभूषा एवं महिलाएं चुनरीयां साड़ी में पहुंची थी। जो आकर्षक का केंद्र रहे। यात्रा में तेजाजी की मनमोहक झांकी शामिल की गई थी। मुख्य मार्गो से यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यहां मन्नतधारियों द्वारा पुनः विराजित किए गए। इसके बाद तेजाजी मंदिर के पुजारियों द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर तेजा के अंशों द्वारा जीव-जंतुओं से पीड़ितों के धागे भी तोड़े गए। दषमी के चलते देर रात दर्षन-वंदन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही चलती रही।

# पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे 04 शातिर बदमाश, नगरीय ज़ोन-04 पुलिस टीम की घेराबंदी में धराए

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। शहर पुलिस उपायुक्त ज़ोन-04 आनंद कलादगी ने बताया कि अति. पुलिस उपायुक्त ज़ोन-04 दिशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए नगरीय ज़ोन-04 की पुलिस टीम द्वारा स्कीम न. 71 में पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाने वाले 04 बदमाशो को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम को 1, अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 4-5 लोग मिलकर पक्षी विहार मे सामने आकाश नगर इन्दौर में क्षमा पेट्रोल पम्प स्कीम नं. 71 इन्दौर पर डाका डालने की योजना बना रहे है तथा ये सभी हथियारों से लेस होकर डकैती की योजना बना रहे है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जिनके निर्देशानुसार 02 टीम गठीत कर कार्यवाही में लगाया गया।

मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर कार्यवाही मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर संदिग्ध आरोपियों को पकड कर उनसे नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम 01. जितेन्द्र सिंह उम्र-32 वर्ष निवासी ग्राम खेजडिया थाना श्यामगढ जिला मंदसौर, 02. जागरण उर्फ चीकू झाला उम्र-28 वर्ष निवासी-ग्राम टोंककला थाना टोंकखुर्द जिला देवास, 03. नवीन चौहान उम्र-20 वर्ष निवासी ग्राम पंथ पिपलोदा थाना ताल जिला रतलाम, 04. संजय जैसवाल उम्र-27 वर्ष निवासी-किशनगढ थाना ताल जिला रतलाम का होना बताया। उक्त आरोपीगणों की विधिवत तलाश लेने पर उनके कब्जे से एक लोहे की रॉड, एक धारदार तलवार, एक धारदार सतुर, लाल मिर्च के दो पैकेट तथा एक ईको वैन क्रमांक MP43ZE2689 जप्त किये गया। उक्त आरोपियों से विस्तृत पूछताछ करने पर उन्होंने क्षमा पेट्रोल पम्प स्कीम नं. 71 इन्दौर पर डाका डालने की नियत से आना बताया।




उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना द्वारकापुरी में अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपियों का न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछतांछ की गई तो उनके द्वारा थाना-चंदन नगर क्षेत्रांतर्गत फार्म हाउस शीतला माता मंदिर के पास नावदापंथ में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने 24, अगस्त की रात्रि को अपने निवास स्थान रतलाम से अपने कुछ साथियों व देवास के साथियों के साथ मिलकर इन्दौर आये व नावदापंथ ब्रिज के पास एक फार्म हाउस देखा जहा पर हम सबने मिलकर फार्महाउस में हमला कर डकैती की घटना को अंजाम दिया। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों के नाम भी पुलिस को बताये है, वर्तमान में विवेचना जारी है। उक्त आरोपी से गहन पूछताछ में अन्य गंभीर वारदातों का खुलासा होना संभावित है। आरोपियों के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी द्वारकापुरी सुशील पटेल, थाना-चंदन नगर के उ.नि. साबिर मंसूरी, उ.नि. मनोज भदौरिया, प्र. आर. स्वदीप सिंह, आर. धीरज पाण्डेय, . सुनिल सोनी, . नरेन्द्र मोर्य, थाना-अन्नपूर्णा के. विश्वेन्द्र जाट, आर. राकेश विश्वकर्मा, थाना-छत्रीपुरा के प्र.आर. धर्मेन्द्र व आर. भूपेन्द्र सिंह, थाना-रावजी बाजार के प्र.आर. मुकेश व आर. रामलखन, थाना-जूनी इन्दौर के . श्याम व थाना भंवरकुँआ के रविकान्त, तथा थाना-द्वारकापुरी के उ.नि. रामसिंह, उ.नि. आलोक मिठास, प्र.आर. दिनेश मेहन्दिया, आर कृष्णचंद शर्मा, अरूण जाट अनुराग सिंह की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही।

# अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण

## समयसीमा में करना सुनिश्चित करें

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने विभागों में प्राप्त सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण समयावधि में करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जाए। जिला अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समस्याओं के निराकरण के साथ ही साथ विभाग की योजनाओं का समय पर लक्ष्य की पूर्ति करें। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार वर्षा ऋतु में की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें और ध्यान रखें कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हों। बैठक मे कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने राहवीर योजना अंतंगत जिले के पहले राहवीर पुरस्कार से नवाजे गए उज्जैन निवासी श्री बृजलाल मेघनानी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लैखनीय है कि श्री मेघनानी ने विगत 22 मई को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ित को ईलाज के लिए निकटतम अस्पताल में पहुंचा कर उनकी जान बचाई थी।



कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि 15 से 17 आयु वर्ग के छात्रों के लिए भी आधार नामांकन का कार्य जिले में ब्लॉक वार रोस्टर अनुसार शिविर आयोजित कर समय सीमा में कार्य को पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों के निराकरण संबंधी जानकारी की मॉनिटरिंग करें। अधिकारी शिकायतकर्ताओं से भी चर्चा कर निराकरण से अवगत कराऐं। जिन विभागों में ज्यादा शिकायतें हैं उन विभागों के अधिकारियों के साथ शीघ्र समीक्षा बैठक की जाएगी। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाईन, सीएम हैल्पलाईन आदि की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों के प्रकरणों के निराकरण करने में गंभीरता से कार्य संपादित करायें । कलेक्टर ने बैठक में खरीफ फसल, उर्वरक आदि की समीक्षा कर कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले का भ्रमण कर अधिक से अधिक किसानों से चर्चा कर प्राप्त होने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने आगामी त्योहारों के बारे में भी अनुभागवार जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में कानुन व्यवस्था बनाए रखे। क्षिप्रा नदी में जल स्तर बड़ने पर घाटों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के मौसम में नदी-नालों-रपटो पर पानी अधिक हो वहां पर बेरिकेट लगायें जाए ताकि किसी प्रकार कि घटना दुर्घटना ना हो । बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक श्री प्रथम कौशिक तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय भोपाल में चिकित्सकीय मैनपॉवर भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास कार्यों और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे हों जिससे जनता को समय पर सुविधाएं और युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के अवसर मिल सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं मानदेय से संबंधित विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती के लिए नियमों में संशोधन की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय और आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रक्रिया 15 सितम्बर तक पूरी कर शीघ्र भर्ती की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एएनएम काउंसलिंग, फार्मासिस्ट नियुक्ति परीक्षा और हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से एफआरयू संचालन की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को मानक अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीपीपी मोड पर धार, बैतूल, कटनी और पन्ना में मेडिकल कॉलेज स्थापना की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों को भूमि आवंटन और अन्य आवश्यक सहयोग समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होना चाहिए, जिससे शीघ्र चिकित्सा शिक्षा सत्र प्रारंभ हो सके और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग हो, गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

# सबके साथ, सबके विकास के लिए सबके प्रयासों एवं सबको विश्वास में लेकर बढ़ रहे हैं आगेः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों तक हेलीकॉप्टर से पहुंचाएंगे पर्यटकों को कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, असामाजिक तत्वों का करेंगे सफाया

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश कई मामलों में देश में अव्वल है। प्रदेश को और आगे ले जाना है। हमारी सरकार खेती-किसानी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना के जरिए प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारी सरकार सबके साथ और सहयोग से सबके विकास के लिए साझा प्रयासों एवं सबको पूरे विश्वास में लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव (भोपाल चैप्टर)' में मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कान्क्लेव में मध्यप्रदेश की विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चाकर प्रदेश के नवनिर्माण एवं बेहतरी के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद में कहा कि हम प्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहते हैं। इसीलिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन से दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आधुनिक खेती के प्रोत्साहन और किसानों को सम्मान निधि देकर उनके जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग रोजाना नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना हो रही है। इससे हमारे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होना है। इससे पहले बुधवार, 3 सितम्बर को नई दिल्ली में पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए इच्छुक निवेशकों के साथ मीटिंग एवं वन-टू-वन चर्चा की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन सहित मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की ओर स्पेशल फोकस किया जा रहा है। प्रदेश के 13 प्रमुख तीर्थस्थानों में स्थायी प्रकार के निर्माण कार्यों एवं नियमित प्रबंधन कर इनका विकास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमहाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में तेजी से टूरिज्म बढ़ा है। वर्ष 2024 में करीब 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। इसी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार अब प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाने का प्रबंध कर रही है। बहुत जल्द हम प्रदेश में इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का दिल है। मध्यप्रदेश की देश में केंद्रीय स्थिति का हम समुचित लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भरपूर लैंड बैंक, सरप्लस बिजली और मजबूत अधोसंरचना है। मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए अनुकूल है। प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश लाने के लिए हमने कई अप्रासंगिक कानून बदले हैं। उद्योग लगाने के लिए शासकीय अनुमतियां भी कम से कम कर दी हैं।

हम निवेशकों के हित में 18 नई औद्योगिक नीतियां भी लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले ऐसे तत्वों का प्रदेश से सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम राज्य की बेहतरी के लिए नए फैसले लेने में पीछे नहीं हटेंगे। लोकलुभावन वादों की जगह हम जनहित के निर्णयों पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में एक निजी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हाईजीन प्रोग्राम के पोस्टर्स का विमोचन किया और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, मीडिया समूह के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स